# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02 मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में विभिन्न विकास परियोजनाओं और संगठनात्मक मुद्दों पर की बैठक। अधिकारियों के साथ की कानून व्यवस्था की समीक्षा।
- प्रदेश भर में होली को लेकर किये जा रहे हैं व्यापक इंतजाम। आज से चार मार्च तक सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और सैनिटाइजेशन के लिए चलेगा विशेष अभियान।
- विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की अवधि में राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल पर फरवरी माह में शिकायत निस्तारण के मामले में प्रदेश को देश में मिला चौथा स्थान। इक्कीस हजार आठ सौ चौंसठ शिकायतों का हुआ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण।
- इजरायल में काम कर रहे श्रमिकों के सम्पर्क में है भारतीय दूतावात। प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा–श्रमिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है सरकार।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर कल वाराणसी पहुंचे। वह भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र की समन्वय बैठक में शामिल हुये। बैठक में विभिन्न विकास परियोजनाओं और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने विश्व रिकॉर्ड के लिए आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के संबंध में प्रस्तुतीकरण देखा और इसमें भाग लेने वाले सभी सहभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। उन्होंने सर्किट हाउस में काशी की विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा भी की।

**********

होली को लेकर प्रदेश भर में उल्लास और उमंग का माहौल है। त्योहार के मद्देनजर व्यापक इंतजाम किये जा रहे हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***त्योहारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए हैं। इस बीच, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने होलीकोत्सव की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि यह त्यौहार सामाजिक समरसता का प्रतीक है। वहीं राज्य विधान परिषद के सभापति मानवेंद्र सिंह ने आमजन से अपील की है कि वे होली के पावन पर्व पर नकारात्मक प्रवृत्तियों का दहन कर सामाजिक समरसता को अपनायें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में होली के अवसर पर आयोजित होने वाली पारंपरिक और ऐतिहासिक शोभायात्रा में शामिल होंगे। समाचार कक्ष से शरद मिश्र।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को होली के मद्देनजर ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता और मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आज से चार मार्च तक प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में व्यापक स्वच्छता और सैनिटाइजेशन अभियान चलेगा। अभियान के तहत ग्रामीण इलाकों में कार्यक्रम स्थलों, घाटों, तालाबों, अमृत सरोवरों और स्नान स्थलों की सफाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव तथा अपशिष्ट निस्तारण जैसे कार्य किए जाएंगे।

उधर, मथुरा के गोकुल में कल छड़ीमार होली का आयोजन किया गया। इसमें देश–विदेश के श्रद्धालु शामिल हुए। एक रिपोर्ट–

***गोकुल में पारंपरिक छड़ीमार होली में टेसू के फूलों के रंग और ब्रज के गीतों के साथ छड़ीमार होली खेली गई। इस दौरान कान्हां की पालकी के साथ शोभा यात्रा भी निकाली गई, जिससे गोकुल में होली का त्योहार अपने चरम पर पहुंच रहा है। यह आयोजन भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं को समर्पित है। गोकुल वही गांव है, जहां कृष्ण ने अपना बचपन बिताया था। द्वापर युग से चली आ रही इस परंपरा को उसी उत्साह से निभाया जाता है। इस खास मौके पर देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यहां पहुंच कर होली के जश्न का आनंद उठाया। यह पारंपरिक आयोजन लोगों को आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। रंगों, गीतों और उत्साह से भरा यह त्योहार हर किसी के मन को मोह लेता है। मोहम्मद उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा।***

**********

केंद्र सरकार किसानों के हित में दो बड़े सुधार लागू करने जा रही है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तराखंड के मसूरी में एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार एक प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म को अपडेट कर रही है।

***दो रिफॉर्म जल्दी होने वाले हैं एक सीड एक्ट हम पार्लियामेंट में लाने वाले हैं। एक पेस्टिसाइड एक्ट किसान को प्रमाणित कैसे बीज मिले, जो घटिया बीज देगा उसके खिलाफ कड़े कानून का हम प्रावधान कर रहे हैं। जैसे 30 लाख से 50 लाख रुपया तक जुर्माने की राशि और वो ही पेस्टिसाइड एक्ट में अगर किसी ने गलत पेस्टिसाइड दिया तो उनके खिलाफ भी सख्त सजा के प्रावधान हम लोग रख रहे हैं।***

श्री चौहान ने कहा कि 'एक भारत' पहल के अंतर्गत किसानों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए एक 'एआई–आधारित प्रणाली' विकसित की गई है।

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अवधि में राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल पर फरवरी माह में बाइस हजार चार सौ उनहत्तर शिकायतें प्राप्त हुयी हैं, इसके सापेक्ष इक्कीस हजार आठ सौ चौंसठ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा चुका है। फरवरी माह में शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश को देश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता द्वारा निस्तारण से संतुष्ट होते हुए एक से तीन अंक तक दिये

जाते हैं। प्रदेश के नागरिकों द्वारा फरवरी माह में दी गयी रेटिंग के अनुसार उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल या मोबाइल ऐप के माध्यम से कोई भी नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। प्रत्येक शिकायत के निस्तारण के लिये एक निश्चित अवधि निर्धारित है।

**********

इटावा के बढ़पुरा ब्लॉक में प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री–स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह की मूर्ति का कल अनावरण किया। इस दौरान जनसभा को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान प्रदेश में शिक्षा का स्तर बहुत बढ़ गया है।

***उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था सशक्त हुई है, मजबूत हुई है, पारदर्शी हुई है, नकल विहीन परीक्षाएं हुई है। फल स्वरूप क्या हुआ कि उत्तर प्रदेश का युवा पूरे देश में नहीं पूरे विश्व में हर एक जगह पहुंच चुका है। अपने हुनर के बल पर अपनी शिक्षा के बल पर और उत्तर प्रदेश देश का सबसे तेजी से अग्रणी आगे बढ़ने वाला प्रदेश बन कर के उभरा है।***

**********

आईआईएम लखनऊ इस सत्र से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई आधारित बैचलर कोर्स शुरू करने के साथ ही परिसर में जल्द ही गूगल और मेटा जैसी इंटरनेशनल कंपनियों की मदद से विश्वस्तरीय एआई लैब स्थापित करेगा। आईआईएम लखनऊ के निदेशक मनमोहन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि मशीन लर्निंग, कम्प्यूटर विजन, एलगारिदम और डिजिटल सिक्योरिटी पर फोकस करने वाली एआई लैब युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगी।

***जो हमारा जो योजना है कि हम जो अपने लैब का जो सेटअप है, लैब की जो परिकल्पना है, उसमें हमारा प्रयास रहेगा कि जितने भी फोर फाइव हम लैब्स मशीन लर्निंग पर, कंप्यूटर विजन पर, एल्गोरिथिम पर और सिक्योरिटी पर इन सब पर हम एक वर्ल्ड क्लास लैब सेटअप करें इनके सहयोग से और इन लैब का जो मुख्य लक्ष्य है, वह देश की योजनाओं में विकास की योजनाओं में भागीदारी चाहते हैं।***

**********

प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने इजराइल में कार्यरत उत्तर प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिवारों को आश्वस्त किया है कि प्रदेश सरकार सभी श्रमिकों की सुरक्षा के लिये पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा के लिये सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। श्री राजभर ने बताया कि श्रम विभाग इजराइल स्थित भारतीय दूतावास और एनएसडीसी के साथ लगातार संपर्क में है, ताकि इजराइल में कार्यरत 6 हजार से अधिक श्रमिकों की सुरक्षा–संरक्षा की कार्यवाही की जा सके।

**********

पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर बाराबंकी के थाना लोनी कटरा क्षेत्र में कबूलपुर गांव के पास कल रात लखनऊ की ओर से आ रहा एक चारपहिया वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे वाहन में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी तथा सात अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार वाहन में सवार लोग लखनऊ में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर लौट रहे थे।

**********